# आयुक्त न्यायालय, सारण प्रमंडल, छपरा।

**B.L.D.R अपीलवाद सं0– 75/2023**

बृज मोहन प्रसाद एवं अन्य

बनाम्

जियुत प्रसाद

आदेश

अनुसूची 14 फार्म संख्या 563

| आदेश की क्रम–संख्या और तारीख। | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ |
|---|---|---|
| 06.09.2024 | प्रस्तुत अपीलवाद, भूमि विवाद निराकरण वाद संख्या–13/2022–23, जियुत प्रसाद बनाम् बृजमोहन प्रसाद वगैरह में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, महाराजगंज द्वारा दिनांक– 26.10.2022 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है।<br>अपीलकर्ता द्वारा प्रस्तुत वाद दिनांक– 21.02.2023 को दायर किया गया है, जिसे दिनांक– 28.04.2023 को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया गया। दिनांक– 28.04.2023 को न्यायालीय कार्य स्थगित रहने के कारण वाद को कतिपय अन्य तिथियों यथा दिनांक– 22.09.2023, दिनांक– 03.11.2023, दिनांक– 01.03.2024, दिनांक– 26.04.2024, दिनांक– 14.06.2024 एवं दिनांक– 06.09.2024 को ग्रहण के बिन्दु पर सूचीबद्ध किया गया, जिसमें अपीलकर्ता अनुपस्थित रहे है। याचिका में अवलोकन से ज्ञात होता है कि इस स्तर पर अपीलवाद दायर करने के पश्चात् अपीलकर्ता एक भी तिथि को न हाजिरी दिया न पुकार पर उपस्थित हुए है।<br>उक्त स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि वाद के निष्पादन के प्रति अपीलकर्ता की कोई अभिरूची नहीं है।<br>उपर्युक्त वर्णित कारणों से प्रस्तुत अपीलवाद को पैरवी के अभाव में Dismissed for default किया जाता है। आई0टी0 सहायक को आदेश दिया जाता है कि आदेश प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर इस आदेश को आयुक्त कार्यालय के वेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।<br>लेखापित एवं संशोधित<br><br>आयुक्त                  आयुक्त | |

WEB COPY NOT OFFICIAL

Scanned with OKEN Scanner